भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

12 अप्रैल 2019

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह द्वारा क्योंझर, ओड़िशा में आयोजित विशाल जन-सभा में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

देश की जनता ने श्री नरेन्द्र भाई मोदी को पुनः देश के प्रधानमंत्री पद पर आसीन करने का निर्णय ले लिया है। ओडिशा में भी परिवर्तन निश्चित है, राज्य से बीजद सरकार की विदाई तय है। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक और जगन्नाथपुरी से लेकर द्वारकाधीश तक पूरे देश में केवल और केवल मोदी लहर है

****

राहुल गाँधी की चार-चार पीढियां गरीबी हटाने का नारा देकर गरीबों को गुमराह करती रही, उनके वोट हड़पती रही लेकिन गरीबी नहीं हटाई जबकि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पांच वर्षों में ही गरीबी पर कड़ा प्रहार किया और उन्हें सशक्त बनाने के लिए कई कार्य किये

****

ओडिशा में भी कांग्रेस की 40 वर्षों तक सरकार रही, बीजद सरकार भी 19 वर्षों से काबिज है लेकिन ओडिशा विकास के मामले में पिछड़ता ही गया। ऐसे लोगों को ओड़िशा की सत्ता से बाहर करने का समय आ गया है

****

इस बार ओड़िशा की जनता को दो वोट देने हैं - एक विधान सभा के लिए और दूसरा लोक सभा के लिए और दोनों वोट कमल निशान पर डालना है क्योंकि ये सीधे हमारे लोकप्रिय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी तक पहुँचने वाले हैं। यदि एक बार ही मेहनत करने से दो सरकारें बनती हैं तो ऐसा जरूर करना चाहिए

****

ओड़िशा राज्य की स्थापना ओड़िया भाषा के सम्मान और संरक्षण के लिए हुई है लेकिन 19 साल हो गए, नवीन बाबू ओड़िशा की जनता से ओड़िया भाषा में बात तक नहीं कर सकते। राज्य की जनता एक ऐसे मुख्यमंत्री को चुनें जो आपकी भाषा में आपसे बात कर सकें

****

पांच वर्षों में मोदी सरकार ने ओड़िशा को विकास के लिए लगभग 5,56,556 करोड़ रुपये दिए हैं लेकिन ये पैसे राज्य की जनता के कल्याण में लगाए जाने की बजाय बीजद सरकार के भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गए

****

कई वर्षों से क्योंझर के निवासियों की मांग रही है कि जिले में एक स्टील प्लांट की स्थापना हो। केंद्र में 'फिर एक बार, मोदी सरकार' आने पर हम क्योंझर की इस बहुप्रतीक्षित मांग को भी पूरा करेंगे

****

ओडिशा में 2022 तक एक भी व्यक्ति ऐसा नहीं रहेगा जिसके पास घर न हो, घर में बिजली न हो, घर में शौचालय न हो और घर में पीने का पानी न हो। आदिवासियों को पट्टे देने कार्य पूरा किया जाएगा और तेंदुपत्ता पर से जीएसटी के रिफंड की व्यवस्था की जायेगी

****

पाइका विद्रोह के सम्मान में मोदी सरकार ने डाक टिकट जारी कर देश की स्वतंत्रता की इस महान लड़ाई को विश्व इतिहास में प्रतिष्ठा दिलाने का काम किया है। दो म्यूजियम भी बनाए गए हैं

****

बीजद सरकार में खनन घोटाले के सिवा और कोई काम नहीं हुआ है। एक ओर प्रधानमंत्री जी खनन के पैसे से राज्य के विकास और गरीबों के कल्याण के लिए काम कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर एमडी शाह कमीशन ने 2005-2014 के दौरान राज्य में खनन पट्टे के आवंटन में भ्रष्टाचार ही भ्रष्टाचार पाया है

****

चिटफंड घोटालों में राज्य के लाखों गरीबों के पैसे लुटे गए लेकिन नवीन बाबू ने गरीबों के पैसे लूटने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं की है। नवीन बाबू के नाक के नीचे भ्रष्टाचार हो रहा है लेकिन नवीन बाबू भ्रष्टाचारियों पर कोई कार्रवाई नहीं करते

****

पहले उरी के बाद सर्जिकल स्ट्राइक और अब पुलवामा के बाद एयरस्ट्राइक करके मोदी सरकार ने दुनिया को यह सशक्त संदेश दिया है कि भारत अपनी सीमाओं की सुरक्षा करने में सक्षम है और आतंकवादियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा

****

एयरस्ट्राइक से पूरे देश में उत्साह और जोश का वातावरण था लेकिन दो जगह ऐसे भी थे जहां मातम छाया हुआ था - एक तो पाकिस्तान में और दूसरा राहुल गाँधी एंड कंपनी के चेहरों पर

****

मोदी सरकार में आतंकवादियों को उसी की भाषा में करारा जवाब मिलेगा क्योंकि हमारे लिए हमारे जवानों और हमारे नागरिकों की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है

****

राहुल गाँधी के साथी उमर अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर में अलग से प्रधानमंत्री पद की मांग करते हैं, वे देश में दो-दो प्रधानमंत्री चाहते हैं और राहुल गाँधी चुप बैठे रहते हैं। राहुल गाँधी, आपको वोटबैंक की राजनीति करना है, कीजिये लेकिन जब तक भाजपा है, जम्मू-कश्मीर को हिंदुस्तान से कोई अलग नहीं कर सकता

****

राज्य में भाजपा की सरकार बनने पर किसानों को ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जाएगा, एक लाख करोड़ रुपये की लागत से सिंचाई परियोजना को हर खेत तक पहुंचाया जाएगा और हर लघु एवं मध्यम किसानों और वनबंधुओं को 60 वर्ष की आयु के पश्चात् मासिक पेंशन की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी

****

केंद्र में 'फिर एक बार, मोदी सरकार' बनने पर देश के हर किसानों को 6,000 रुपये की वार्षिक सहायता उपलब्ध कराई जायेगी। ओड़िशा में भारतीय जनता पार्टी की सकरार बनने पर अवैध खनन करने वालों को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाया जाएगा

****

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने आज क्योंझर, ओड़िशा के मेडिकल कॉलेज ग्राउंड पर आयोजित एक विशाल जन-सभा को संबोधित किया और प्रदेश को विकास से महरूम रखने के लिए बीजू जनता दल और कांग्रेस पार्टी पर जम कर प्रहार किया।

राज्य की महान विभूतियों को नमन करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सबसे पहले पुलवामा हमले में ओड़िशा के शहीद सपूतों श्री प्रसन्न कुमार साहू और श्री मनोज कुमार बोहरा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि **कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक और जगन्नाथपुरी से लेकर द्वारकाधीश तक पूरे देश में एक ही आवाज है, एक ही लहर है - मोदी, मोदी, मोदी। देश की जनता ने श्री नरेन्द्र भाई मोदी को पुनः देश के प्रधानमंत्री पद पर आसीन करने का निर्णय ले लिया है। ओडिशा में भी परिवर्तन निश्चित है, राज्य से बीजद सरकार की विदाई तय है।**

कांग्रेस और बीजद पर बड़ा हमला करते हुए श्री शाह ने कहा कि **राहुल गाँधी की चार-चार पीढियां गरीबी हटाने का नारा देकर गरीबों को गुमराह करती रही, उनके वोट हड़पती रही लेकिन गरीबी नहीं हटाई जबकि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पांच वर्षों में ही गरीबी पर कड़ा प्रहार किया और उन्हें सशक्त बनाने के लिए कई योजनायें लागू की हैं। ओडिशा में भी कांग्रेस की 40 वर्षों तक सरकार रही, बीजद सरकार भी 19 वर्षों से काबिज है लेकिन ओडिशा विकास के मामले में पिछड़ता ही गया।** उन्होंने कहा कि **इस बार ओड़िशा की जनता को दो वोट देने हैं - एक विधान सभा के लिए और दूसरा लोक सभा के लिए और दोनों वोट कमल के निशान पर डालना है क्योंकि दोनों वोट हमारे लोकप्रिय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी तक ही पहुँचने वाले हैं। यदि एक बार ही मेहनत करने से दो सरकारें बनती हैं तो ऐसा जरूर करना चाहिए।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **ओड़िशा राज्य की स्थापना ओड़िया भाषा के सम्मान और संरक्षण के लिए हुई है लेकिन 19 साल हो गए, नवीन बाबू ओड़िशा की जनता से ओड़िया भाषा में बात तक नहीं कर सकते। राज्य की जनता एक ऐसे मुख्यमंत्री को चुनें जो आपकी भाषा में आपसे बात कर सकें।**

श्री शाह ने कहा कि ओड़िशा के विकास के लिए मोदी सरकार ने विकास के कई कार्य किये हैं। उन्होंने कहा कि **बीते पांच वर्षों में मोदी सरकार ने ओड़िशा को विकास के लिए लगभग 5,56,556 करोड़ रुपये दिए हैं लेकिन ये पैसे राज्य की जनता के कल्याण में लगाए जाने की बजाय बीजद सरकार के भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गए।** इसके अतिरिक्त डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड के तहत क्योंझर जिले को 1600 करोड़ रुपये दिए गए हैं, डीएमएफ के तहत क्योंझर के एक मेडिकल कॉलेज बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस मेडिकल कॉलेज के लिए श्री नरेन्द्र भाई मोदी तो पैसे भेज रहे हैं लेकिन नवीन बाबू ने इस मेडिकल कॉलेज के लिए कुछ भी नहीं किया। उन्होंने कहा कि नेशनल हाइवे 215 को चार लेन, राष्ट्रीय राजमार्ग 6 को 4 लेन का किया गया है। रेलवे लाइन बिछाई गई है और यहाँ पहली मालगाड़ी के चलने की शुरुआत भी मोदी सरकार ही में हुआ है। उन्होंने कहा कि कई वर्षों से क्योंझर के निवासियों की मांग रही है कि जिले में एक स्टील प्लांट की स्थापना हो। केंद्र में 'फिर एक बार, मोदी सरकार' आने पर हम क्योंझर की इस बहुप्रतीक्षित मांग को भी पूरा करेंगे।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि वन सम्पदा को समर्थन मूल्य से खरीदने की शुरुआत भी मोदी सरकार ने ही की है। डीएमएफ के तहत 6081 करोड़ रुपये यहाँ दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त बहरामपुर में आईआईएससीआर, संभलपुर में आईआईएम, भुबनेश्वर में आईआईटी और भुबनेश्वर में ही ईएसआईसी जैसे संस्थान दिए गए हैं। लगभग 10,000 करोड़ रुपये की लागत से सड़कें बनाई जा रही हैं। झारसुगड़ा में हवाई अड्डे की शुरुआत हुई है, यहाँ पर एक मल्टीमॉडल लोजिस्टिक पार्क की स्थापना हुई है, बालासोर-हल्दिया-दुर्गापुर एलपीजी लाइन डालने का काम हुआ है और महानदी-ब्राह्मणी नदी पर लगभग 5000 करोड़ रुपये की लागत से वाटरवे की शुरुआत हुई है। उन्होंने कहा कि रेलवे लाइन की विकास के लिए 115 करोड़ रुपये की योजनायें चल रही है और राज्य के लगभग 53 रेलवे स्टेशनों को वाई-फाई से जोड़ा गया है। मुद्रा योजना के तहत राज्य के लगभग 84 लाख लोगों को स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराये गए हैं, जन-धन योजना के तहत राज्य के लगभग डेढ़ करोड़ लोगों के बैंक अकाउंट खोले गए हैं और राज्य की लगभग 42 लाख माताओं को उज्ज्वला योजना के तहत गैस का कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि **पाइका विद्रोह के सम्मान में मोदी सरकार ने डाक टिकट जारी कर देश की स्वतंत्रता की इस महान लड़ाई को विश्व इतिहास में प्रतिष्ठा दिलाने का काम किया है। दो म्यूजियम भी बनाए गए हैं।**

श्री शाह ने कहा कि नवीन बाबू ने 19 साल तक ओड़िशा में शासन किया लेकिन आज तक राज्य की एक बड़ी आबादी पीने के पानी, शिक्षा, बिजली, सड़क, घर और स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी सुविधाओं से अब तक महरूम है। बीजद सरकार पर हमला जारी रखते हुए उन्होंने कहा कि ओड़िशा की जनता ये न भूले कि राज्य के युवा रोजगार के लिए पलायन को क्यों मजबूर हुए। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता ने लंबे समय तक कांग्रेस और बीजद, दोनों को मौक़ा दिया है। आप एक मौक़ा भारतीय जनता पार्टी को दीजिये, मैं विश्वास दिलाता हूँ कि रोजगार के लिए यहाँ के युवाओं को पलायन नहीं करना पड़ेगा।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **बीजद सरकार में खनन घोटाले के सिवा और कोई काम नहीं हुआ है। एक ओर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी खनन के पैसे से राज्य के विकास और गरीबों के कल्याण के लिए काम कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर एमडी शाह कमीशन ने 2005-2014 के दौरान राज्य में खनन पट्टे के आवंटन में भ्रष्टाचार ही भ्रष्टाचार पाया है। नवीन बाबू के नाक के नीचे भ्रष्टाचार हो रहा है लेकिन नवीन**

बाबू भ्रष्टाचारियों पर कोई कार्रवाई नहीं करते। चिटफंड घोटालों में राज्य के लाखों गरीबों के पैसे लुटे गए लेकिन नवीन बाबू ने गरीबों के पैसे लूटने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं की है। नवीन बाबू की सरकार आदिवासियों को भूमि के पट्टे नहीं देती।

श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने विगत पांच वर्षों में सबसे बड़ा काम देश को सुरक्षित करने का किया है। सोनिया-मनमोहन की कांग्रेस सरकार में आये दिन पाकिस्तान प्रेरित आतंकवादियों के हमले हमारे देश में होते रहते थे लेकिन कांग्रेस सरकार हाथ पर हाथ धरे चुप बैठी रहती थी, उसे देश की सुरक्षा से कोई लेना-देना ही नहीं था। **पहले उरी के बाद सर्जिकल स्ट्राइक और अब पुलवामा के बाद एयरस्ट्राइक करके मोदी सरकार ने दुनिया को यह सशक्त संदेश दिया है कि भारत अपनी सीमाओं की सुरक्षा करने में सक्षम है और आतंकवादियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।** उन्होंने कहा कि **एयरस्ट्राइक से पूरे देश में उत्साह और जोश का वातावरण था लेकिन दो जगह ऐसे भी थे जहां मातम छाया हुआ था - एक तो पाकिस्तान में और दूसरा राहुल गाँधी एंड कंपनी के चेहरों पर।** उन्होंने कांग्रेस पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि **राहुल गाँधी एंड कंपनी आतंकवादियों के खिलाफ एयरस्ट्राइक के खिलाफ है। राहुल गाँधी के गुरु सैम पित्रोदा कहते हैं कि आतंकियों पर बम नहीं बरसाना चाहिए, उनसे बातचीत करनी चाहिए। पित्रोदा जी, आतंकियों से बातचीत करना कांग्रेस पार्टी और उसके सहयोगियों की नीति हो सकती है, भारतीय जनता पार्टी की नहीं। मोदी सरकार में आतंकवादियों को उसी की भाषा में करारा जवाब मिलेगा क्योंकि हमारे लिए हमारे जवानों और हमारे नागरिकों की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है।** उन्होंने कहा कि **राहुल गाँधी के साथी उमर अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर में अलग से प्रधानमंत्री पद की मांग करते हैं अर्थात् वे देश में दो-दो प्रधानमंत्री चाहते हैं और राहुल गाँधी चुप बैठे रहते हैं। राहुल गाँधी, आपको वोटबैंक की राजनीति के लिए जो भी करना है कीजिये लेकिन जब तक भारतीय जनता पार्टी है, जम्मू-कश्मीर को हिंदुस्तान से कोई अलग नहीं कर सकता।**

ओड़िशा के लिए **भारतीय जनता पार्टी के 'संकल्प पत्र' की चर्चा करते हुए श्री शाह ने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनने पर किसानों को ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जाएगा, एक लाख करोड़ रुपये की लागत से सिंचाई परियोजना को हर खेत तक पहुंचाया जाएगा और हर लघु एवं मध्यम किसानों और वनबंधुओं को 60 वर्ष की आयु के पश्चात् मासिक पेंशन की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी।** बच्चियों की शिक्षा को फ्री में उपलब्ध कराया जाएगा, 12वीं पास हर बच्ची को टू व्हीलर दी जायेगी और बच्चियों के साथ अत्याचार करने वालों को फांसी पर लटकाया जाएगा। **केंद्र में 'फिर एक बार, मोदी सरकार' बनने पर देश के हर किसानों को 6,000 रुपये की वार्षिक सहायता उपलब्ध कराई जायेगी। आदिवासियों को पट्टे देने कार्य पूरा किया जाएगा और तेंदुपत्ता पर से जीएसटी के रिफंड की व्यवस्था की जायेगी।** उन्होंने कहा कि **यदि राज्य में भाजपा की सरकार बनती है तो ओडिशा में 2022 तक एक भी व्यक्ति ऐसा नहीं रहेगा जिसके पास घर न हो, घर में बिजली न हो, घर में शौचालय न हो और घर में पीने का पानी न हो।** ओड़िशा में बनने वाली भाजपा सरकार राज्य में आयुष्मान भारत योजना को शत-प्रतिशत लागू करेगी। उन्होंने कहा कि फ़ॉरेस्ट राईट एक्ट के तहत सभी आदिवासी बंधुओं को पांच साल में ही जमीन के पट्टे देने का कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि ओड़िशा में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर क्योंझर में एक और मेडिकल कॉलेज बनाया जाएगा। गर्भवती माताओं के लिए एकीकृत 112 सेवा की शुरुआत की जायेगी। **ओड़िशा में भारतीय जनता पार्टी की सकरार बनने पर अवैध खनन करने वालों को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाया जाएगा।** उन्होंने कहा कि ओड़िशा में एक ओर नवीन पटनायक जी हैं जो 19 साल से सत्ता में हैं तो दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी है जिसने 40 वर्षों तक शासन किया है। आप एक मौक़ा भारतीय जनता पार्टी को दीजिये, हम पांच वर्ष में ही ओड़िशा को देश का सबसे विकसित प्रदेश बनाने के लिए कार्य करेंगे।

(महेंद्र पांडेय)

कार्यालय सचिव